माननीय मुख्यमंत्री के निश्चय यात्रा के क्रम में प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिनांक–09.11.2016 को पश्चिमी चम्पारण जिलें के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही वृत्तः–

उपस्थितिः–

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में आहूत उक्त बैठक में निम्न पदाधिकारी उपस्थित थेः–

(1) प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।

(2) प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद।

(3) मुख्य अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद।

(4) अधीक्षण अभियंता, बुडा, नगर विकास एवं आवास विभाग।

(5) नोडल पदाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण।

(6) कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद।

(7) नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी (बेतिया, रामनगर, बगहा, चनपटिया)।

(8) नरकटियागंज के नगर प्रबंधक।

1. सर्वप्रथम प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा **"हर घर नल जल निश्चय योजना"** के बिन्दु पर निदेश दिया गया।

(i) पश्चिमी चम्पारण जिला अवस्थित सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि हर घर नल जल निश्चय योजना के अन्तर्गत सभी वार्डो के लिए स्कीम तैयार किया जाय। साथ ही बी0आर0जे0पी0 द्वारा निर्गत मॉडल के अनुसार कलस्टर बनाकर स्कीम तैयार किया जाय।

(ii) उक्त स्कीम के चयन एवं कार्यान्वयन में सम्बन्धित वार्ड पार्षदों को भी शामिल किया जाय।

(iii) हर घर नल जल निश्चय योजना का कार्यान्वयन ई–टेंडरिंग के माध्यम से ही किया जाय।

(iv) सभी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नल जल योजना के प्राक्कलन के संबंध में कपितय कठिनाईयों का उल्लेख किया गया। तद्नुसार निदेश दिया गया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के स्थानीय प्रमंडल/अभियंताओं से सम्पर्क कर लें तथा बिहार राज्य जल पर्षद के अभियंताओं से भी सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।

(v) चनपटिया के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पूर्व में पी0एच0डी0 द्वारा लगाये गये कतिपय पाईप लाईन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है। तद्नुसार निदेश दिया गया कि उक्त पाईप लाईन को चिन्हित कर वर्त्तमान में बदला जा सकता है।

(vi) समीक्षा के क्रम में पाया गया कि नगर परिषद, बगहा में गृह जल संयोजन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जिसे हर हालत में 31 दिसम्बर 2016 तक कर लेने का निदेश दिया गया है।

(vii) प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नरकटियागंज, चनपटिया एवं रामनगर के कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे 25 नवंबर 2016 तक जलापूर्त्ति योजना हेतु निविदा का प्रकाशन करा लें।

(viii) नगर परिषद, बेतिया में पाईप बिछाने का कार्य पी0एच0डी0 द्वारा किया जा रहा है। तद्नुसार House to House Connection भी उनके द्वारा कराया जा सकता है।

2. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा **"शौचालय निर्माण घर का सम्मान निश्चय योजना"** के सम्बन्ध में समीक्षा किया गया। समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत् है:-

(i) नगर परिषद, बेतिया में शौचालय निर्माण की गति काफी धीमी है, राशि उपलब्ध है। तद्नुसार निदेश दिया गया कि शौचालय निर्माण योजना का कार्य तीव्रत्तर गति से करें।

(ii) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बगहा को भी सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु शीघ्र जमीन चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(iii) नरकटियागंज, नगर परिषद में भी शौचालय निर्माण की गति काफी धीमी है, जिसमें तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे वैसे वार्डों, जहाँ कम ही शौचालय के निर्माण से वार्ड ओ0डी0एफ0 हो जायेगा, उन वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाय।

3. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा **"नाली गली निश्चय योजना"** के सम्बन्ध में समीक्षा किया गया। समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत् है:-

(i) नगर परिषद, बेतिया, बगहा, नरकटियागंज एवं नगर पंचायत, रामनगर के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पक्की नली गली योजना के कार्यान्वयन हेतु निविदा निकाली जा चुकी है तथा निविदा निष्पादन की प्रक्रिया किया जाना है।

अन्त में कार्य में तत्परता लाने एवं सभी निश्चय योजनाओं का कार्यान्वयन ससमय पूरा करने के निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

30/11/2016

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः- 8926 पटना, दिनांक- 01/12/16

प्रतिलिपिः- विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/नोडल पदाधिकारी (नल जल योजना/नाली गली योजना/शौचालय निर्माण योजना/सबके लिए आवास योजना) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/11/2016

प्रधान सचिव

ज्ञापांकः- 8926 पटना, दिनांक- 01/12/16

प्रतिलिपिः- पश्चिमी चम्पारण जिला अवस्थित कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बेतिया/बगहा/नरकटियागंज एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रामनगर/चनपटिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/11/2016

प्रधान सचिव